NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:05, अंक:-305, पृष्ठ: 12 | शुक्रवार, 15 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## नीट यूजी की नई तारीख का ऐलान
# अब 21 जून को होगी देशभर में परीक्षा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने नीट-यूजी की नई तारीख का एलान कर दिया है। अब यह परीक्षा देशभर में 21 जून को होगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, अभी एनटीए ने नीट-यूज की नई परीक्षा की तारीख की घोषणा की है। 21 जून को दोबारा परीक्षा की तारीख की घोषणा की है। छात्रों का भविष्य, उनके परिश्रम के प्रति संवेदनशीलता हमारी प्राथमिकता है। तीन मई को परीक्षा हुई थी और सात मई को एनटीए के पास कहीं से आपत्ति आई कि गेस पेपर में ऐसे

### 12 मई को पेपर लीक की आशंका में रद हुई थी परीक्षा

कुछ प्रश्न आए हैं, जो इस बार के पेपर में थे। एनटीए और सरकार ने तुरंत उसकी जांच की। राज्यों की एजेसियों से संपर्क किया गया। जब हम स्पष्ट हुए कि इस बार पेपर लीक हुआ है, हम नहीं चाहते थे कि शिक्षा माफियाओं के षड्यंत्र के कारण किसी भी सही छात्र के अधिकार वंचित हो जाएं। इसलिए हमने 12 मई को परीक्षा को रद्द कर दिया। हमने आज परीक्षा की नई तिथि की घोषणा की।

### अगले साल आनलाइन होगी परीक्षा

अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।'



# महंगाई का प्रहार
## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये का इजाफा
## सीएनजी भी हुई महंगी

**तेल कंपनियों ने वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के कारण शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के दामों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इस इजाफे के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे अन्य प्रमुख महानगरों में भी ईंधन की कीमतों में उछाल आया है।**

**नई दिल्ली।** देश के आम लोगों पर शुक्रवार को महंगाई की सीधी मार पड़ सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा के दामों में बढ़ोतरी का सीधा असर अब भारत के आम ग्राहकों पर भी दिखने लगा है। इसी वजह से देश की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक इजाफा कर दिया है। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम तीन-तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। वैश्विक बाजार में ऊर्जा की जो कीमतें इतनी तेजी से बढ़ी हैं, उसका सीधा बोझ अब तेल कंपनियों ने ग्राहकों के कंधों पर डाल दिया है। इसी का नतीजा है कि अब आपको अपनी गाड़ी में तेल भरवाने के लिए पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। पेट्रोल-डीजल के दामों में आखिरी बार वृद्धि अप्रैल 2022 में हुई थी।

### माल ढुलाई तीन फीसदी हो सकती है महंगी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अब परिवहन क्षेत्र पर भी दिखने लगा है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों ने कहा कि ईंधन महंगा होने से माल ढुलाई यानी फ्रेट कॉस्ट में करीब तीन फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारी इस बढ़ोतरी का फायदा उठाकर सामानों के दाम जरूरत से ज्यादा न बढ़ाएं।

इसी बीच, सीएनजी की कीमत भी 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दी गई है। इसके साथ दिल्ली में सीएनजी की नई कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सीएनजी के दाम 2 रुपये प्रति किलो बढ़ा दिए गए हैं। इस बढ़ोतरी का असर दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम समेत पूरे इलाके में देखा जाएगा। कीमत बढ़ने से ऑटो, टैक्सी और निजी वाहनों का खर्च बढ़ेगा, जिसका असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। दिल्ली में सीएनजी की नई कीमत 79.09 रुपये प्रति किलो तय की गई है। नोएडा और गाजियाबाद में यह 87.70 रुपये प्रति किलो हो गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी की कीमत 87.58 रुपये प्रति किलो हो गई है। गुरुग्राम में यह 84.12 रुपये प्रति किलो हो गई है, जबकि रेवाड़ी में 83.70 रुपये प्रति किलो और करनाल में 83.43 रुपये प्रति किलो नई दर तय की गई है।

### कांग्रेस हमलावर, प्रधानमंत्री मोदी को बताया 'महंगाई मैन'

कांग्रेस पार्टी ने देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये की बढ़ोतरी करके जनता पर करारा प्रहार किया है। कांग्रेस ने ईंधन की कीमतों में इस वृद्धि को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने से जोड़ते हुए कहा कि चुनाव के बाद पीएम मोदी की वसूली शुरू हो गई है। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन' मोदी ने आज एक बार फिर जनता पर करारा प्रहार किया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

# आधा देश हीट वेव की चपेट में
## यूपी में आंधी बारिश से मौत का आंकड़ा 111 पहुंचा

**नई दिल्ली।** यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राज्य में 111 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इन मौतों पर दुख जताया।

उधर का देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म रहा। जलगांव, वर्धा और अमरावती



में भी पारा 45डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज हुआ।

राजस्थान के फलोदी में तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर और बाड़मेर में 45.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। श्रीगंगानगर में 44.8 डिग्री सेल्सियस और जोधपुर में 44 डिग्री सेल्सियस पारा रहा। जयपुर, बीकानेर और नागौर में दिनभर हीटवेव जैसे हालात रहने के बाद शाम को बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

इधर, यूपी में बांदा राज्य का सबसे गर्म जिला रहा। यहां तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा गुजरात का भावनगर 45.2 डिग्री सेल्सियस और मध्य प्रदेश का खंडवा 44.5 डिग्री सेल्सियस के साथ अपने राज्य के सबसे ज्यादा गर्म शहर थे।

# आईटीआर
## फाइलिंग सीजन शुरू

**नई दिल्ली।** आयकर दाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। आयकर विभाग ने असेसमेंट ईयर 2026-27 यानी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग का सीजन आधिकारिक तौर पर शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल यूटिलिटीज जारी कर दी गई हैं, जिससे पात्र करदाता अपना रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। करदाताओं के पास अब अपना टैक्स रिटर्न समय से पहले दाखिल करने का एक बेहतरीन मौका है। समय सीमा (31 जुलाई) से पहले रिटर्न दाखिल कर लेने से करदाता अंतिम समय की भीड़ से बच सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से सेंगर को करारा झटका
# अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश किया रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है। इस आदेश में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित की गई थी। यह मामला 2017 के उन्नाव दुष्कर्म से जुड़ा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को अंतरिम जमानत देते हुए सजा निलंबित कर दी थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने दिल्ली



हाई कोर्ट को मामले पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट को दो महीने के भीतर इस मामले पर फैसला करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट उसके इस फैसले से प्रभावित न हो। उसे स्वतंत्र रूप से सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए।

# 'ईरान को गोला-बारूद नहीं देगा चीन'



**बीजिंग।** चीन यात्रा पर गए डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें ईरान को युद्ध के दौरान हथियार नहीं देने का भरोसा दिया है। अपनी चीन यात्रा के आखिरी दिन दिए गए इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले कि ईरान 'खत्म हो चुका है' और यदि उसने जंग को समाप्त करने के लिए डील नहीं की, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अमेरिका, ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल करने नहीं देगा। उन्होंने कहा, 'ईरान अब खत्म हो चुका है। वे समझौता करें, वर्ना पूरी तरह से तबाह हो जाएंगे।' डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्टेटमेंट चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद दिया, जिसमें ईरान का मुद्दा मुख्य तौर पर शामिल रहा।

ट्रंप के अनुसार, जिनपिंग भी ईरान और अमेरिका के बीच डील चाहते हैं। उनका दावा है कि चीन के राष्ट्रपति ने बातचीत में मदद की पेशकश भी की। डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक, जिनपिंग का भी मानना है कि ईरान के हाथ परमाणु हथियार नहीं लगने चाहिए। चीन की तरफ से ईरान को युद्ध में मदद दिए जाने के सवाल पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस मसले पर भी उन दोनों में चर्चा हुई और शी जिनपिंग ने विश्वास दिलाया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देगा। हालांकि, ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार फिलहाल चीन ही है। चीन के ईरान के साथ रणनीतिक और सैन्य संबंध भी मजबूत हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी मिलिट्री पावर की बात करते हुए कहा कि अमेरिकी फौज, ईरान के खार्ग द्वीप को महज चार से पांच मिनट के अंदर नेस्तनाबूद करने की ताकत रखती है। वह यह भी बोले कि ईरान के खिलाफ मौजूदा मिलिट्री ऑपरेशन, इराक और वियतनाम जैसे लंबे खिंचे युद्धों के मुकाबले में काफी छोटा और निर्णायक है।

## जिनपिंग ने कहा 'बर्बादी की तरफ बढ़ रहा अमेरिका'



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका को एक गिरता हुआ देश बताया था। हालांकि जिनपिंग के इस बयान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सफाई पेश की है। डोनाल्ड ट्रंप ने जिनपिंग के शब्दों को नए सिरे से पेश करते हुए तर्क दिया कि ये शब्द बाइडन प्रशासन के ₹नुकसान₹ को लेकर हैं। ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में अमेरिका विश्व की अग्रणी आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में फिर से उभरा है। ट्रंप ने जिनपिंग के बयान को बाइडन प्रशासन पर की गई टिप्पणी बताते हुए खुद के कार्यकाल में अमेरिका को पहले से अधिक मजबूत और बेहतर स्थिति में बताया।

डोनाल्ड ट्रंप ने ये ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि जिनपिंग का गिरावट का आकलन ₹100 प्रतिशत सही था। उन्होंने बाइडन प्रशासन के प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने कमजोर सीमाएं, हाई टैक्स, सामाजिक मुद्दों पर नीतिगत बदलाव और व्यापक आर्थिक कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप ने कहा, जब राष्ट्रपति शी ने बड़ी ही शालीनता से अमेरिका को एक पतनशील राष्ट्र बताया, तो उनका तात्पर्य स्लीपी जो बाइडन और उनके प्रशासन के चार वर्षों के दौरान हुए भारी नुकसान से था, और इस मामले में वे 100% सही थे। खुले बॉर्डर, हाई टैक्स, ट्रांसजेंडरों के लिए खुली छूट, महिलाओं के खेलों में पुरुषों की भागीदारी, विविधता और समावेशन की नीति, खराब व्यापार समझौते, बेलगाम अपराध और बहुत कुछ के कारण हमारे देश को भारी नुकसान उठाना पड़ा!

## मणिपुर हिंसाः केंद्र सरकार ने पांचवीं बार जांच आयोग का बढ़ाया कार्यकाल



**इंफाल।** करीब तीन साल पहले मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा की जांच कर रहे आयोग को केंद्र सरकार ने एक बार फिर रिपोर्ट जमा करने के लिए छह महीने का अतिरिक्त समय दे दिया है। अब यह आयोग अपनी रिपोर्ट 20 नवंबर 2026 तक सौंप सकेगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी सरकारी अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई है। यह जांच आयोग 4 जून 2023 को बनाया गया था। उस समय मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा ने पूरे राज्य को हिला दिया था। हिंसा में 260 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी, जबकि हजारों लोग बेघर हो गए थे। कई घरों, दुकानों और संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया गया था। तीन सदस्यीय इस आयोग की शुरूआत में अध्यक्षता पूर्व गौहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा कर रहे थे। हालांकि उन्होंने 28 फरवरी 2026 से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 1 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बलबीर सिंह चौहान ने आयोग की कमान संभाली। आयोग यह जांच कर रहा है कि 3 मई 2023 को शुरू हुई हिंसा आखिर किन परिस्थितियों में फैली और इसके पीछे क्या कारण थे।

## हापुड़ में तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलटी; तीन युवकों की मौत



**हापुड़।** जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एक युवक घायल है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा कार पलटने से हुआ है।

हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके के गांव डेहरा में गुरुवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दो युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस के अनुसार, कार डेहराकुटी से वैठ की ओर जा रही थी। जैसे ही कार गांव डेहरा स्थित अंबेडकर भवन के सामने मोड़ पर पहुंची, तेज गति के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सरकारी वाहन, निजी गाड़ी और एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़मुक्तेश्वर पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ मेडिकल को रेफर कर दिया।

## अमेरिका से गौतम अडाणी को बड़ी राहत के संकेत



**वाशिंगटन।** भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके बिजनेस ग्रुप समूह के लिए अमेरिका से बड़ी राहत की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन गौतम अडाणी के विरुद्ध चल रहे घूसखोरी और फ्रॉड से जुड़े मामले को समाप्त करने की तरफ आगे बढ़ रहा है। जल्द ही अमेरिकी न्याय विभाग, इन आपराधिक आरोपों को वापस लेने की घोषणा कर सकता है।

ब्लूमबर्ग में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन भी नवंबर, 2024 में दर्ज किए गए समानांतर सिविल फ्रॉड केस को सुलझाने की ओर कदम बढ़ा रहा है। हालांकि, अमेरिकी अफसरों या अडाणी समूह की तरफ से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। ब्रुकलिन स्थित अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस ने नवंबर, 2024 में गौतम अडाणी और अन्य आरोपियों पर भारत में 25 करोड़ डॉलर की कथित रिश्वत योजना चलाने का आरोप लगाया था। जांच एजेंसी ने दावा किया था कि सोलर पावर प्रोजेक्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए अफसरों को रिश्वत देने की साजिश रची गई।

## पीएम मोदी पांच देशों के दौरे पर रवाना, आज यूएई राष्ट्रपति से मिलेंगे




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के दौरे पर रवाना हो गए हैं। इस विदेश दौरे में पीएम मोदी संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के इन दौरों का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, नवाचार और हरित विकास के क्षेत्र में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना है।

दौरे की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचेंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता आपसी संबंधों, ऊर्जा सहयोग और दोनों देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया, 'दोनों नेता द्विपक्षीय 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। यह साझेदारी मजबूत राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच के संबंधों पर आधारित है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के महत्वपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी।'

प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा में ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा रहेगा। इस दौरान एलपीजी और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। यूएई में 45 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं, इसलिए इस दौरे में वहां रहने वाले भारतीयों के हितों और सुविधाओं पर भी चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी छह दिनों की विदेश यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वे यूएई के अलावा नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी जाएंगे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )



# हीटवेव का अलर्ट

आगरा एनएनआई। आगरा इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। सुबह से ही सूरज की तेज किरणें झुलसा रही हैं। सुबह 10 बजे के बाद से ही धूप का आलम इतना तेज हो जाता है कि उसमें एक पल भी ठहरना मुश्किल हो जाता है। इधर मौसम विभाग ने एक बार फिर आगरा में लू का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले पांच दिन तक लू चलने के आसार हैं और इस दौरान तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को आगरा का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तो वहीं रात का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा।

# दर्दनाक हादसाः ट्रेन से कट गया युवक, लाश के हुए दो टुकड़े

एनएनआई

**आगरा।** आगरा-बांदीकुई रेलवे लाइन पर शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना जगदीशपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, हादसा बिचपुरी नहर फाटक संख्या-11 और गांव अंगूठी स्थित फाटक संख्या-12 के बीच हुआ। सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। थाना जगदीशपुरा पुलिस भी मौके पर आ गई। चौकी इंचार्ज बिचपुरी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष प्रतीत हो रही है।

उसकी पहचान नहीं हो सकी है।



तलाशी के दौरान उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटाने के साथ शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक ने नीले रंग की पेंट और लाइनिंग की शर्ट पहन रखी थी।

# यमुना में डूबने से हुई इकलौते बेटे की मौत

एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा के थाना बलदेव के गांव नगला बांस ततरोता में बृहस्पतिवार को एक परिवार में खुशियां मातम में बदल गईं। जिस युवक की घर में शाम को सगाई होनी थी, दोपहर में उसकी यमुना में डूबने से मौत हो गई। चार बहनों के इकलौते भाई की मौत की खबर से गांव में कोहराम मच गया।

गांव निवासी रविशंकर (19) गाय को यमुना में पानी पिलाने गया था। इस दौरान भीषण गर्मी के कारण वह दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए चला गया। शाम 4-5 बजे करीब वह जब दोस्त गोलू व टुल्लडी के साथ नदी में नहा रहा था तभी गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में फंस गया। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह देखते ही देखते पानी में डूब गया।

घटना की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। ग्रामीण व पुलिस मौके पर पहुंचीं। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ राहत कार्य में जुटे। करीब दो घंटे की तलाश के बाद रविशंकर का शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर नदी में मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। रविशंकर की तीन बहनों की शादी हो चुकी है, एक बहन अविवाहित है। परिवार का सबसे छोटे व लाड़ले बेटा रविशंकर आज अपनी सगाई के साथ नई जिंदगी की शुरूआत करने वाला था। मेहमानों के स्वागत से पहले घर में बेटे का शव पहुंचा तो हर आंख नम हो गई।

# फिरोजाबाद में हर शुक्रवार नो व्हीकल डे

## डीएम ने ईंधन-पर्यावरण संरक्षण को दिए निर्देश

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा ने ईंधन, ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन से सहयोग की अपील करते हुए घोषणा की है कि जनपद में प्रत्येक शुक्रवार को 'नो व्हीकल डे' (वाहन मुक्त दिवस) मनाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने यह पहल माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में की है। गुरुवार को उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संवाद किया, जिसमें ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

'नो व्हीकल डे' के दिन अधिकारियों और कर्मचारियों को निजी वाहनों का उपयोग न करने तथा सामूहिक परिवहन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक बचत का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण से जुड़ा एक राष्ट्रीय दायित्व भी है। इसके अतिरिक्त, जिन कार्यालयों और उद्यमों में जनरेटर का उपयोग होता है, वहां 25 से 50 प्रतिशत तक ईंधन की खपत कम करने और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर बल दिया गया है।

# स्कॉर्पियो ने पैदल चल रहे दो लोगों को रौंदा, एक की मौत

एनएनआई

**हाथरस।** सिकंदराराऊ में देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा सिकंदराराऊ-एटा मार्ग पर ग्राम टोली के निकट नेशनल हाईवे पर हुआ, जब एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार ने सड़क किनारे चल रहे दो लोगों को टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, एटा की ओर जा रही स्कॉर्पियो कार का चलते समय अचानक एक पहिया निकल गया। पहिया निकलते ही वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रॉन्ग साइड में पहुंच गया और सड़क किनारे जा रहे दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण



थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया, जहां एक व्यक्ति ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला चीला निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र रामवीर सिंह के रूप में हुई है। घायल सुनील कुमार भी इसी गांव का निवासी है। दोनों अपने खेत में पानी लगाकर वापस लौट रहे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी शिव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

**शव पोस्टमार्टम को भेजा...**

पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो पूरी तरह अनियंत्रित हो गई थी और उसका एक पहिया अलग हो गया था। बताया जा रहा है कि वाहन में तीन युवक सवार थे। पुलिस ने स्कॉर्पियो समेत तीनों युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## राज चौहान हत्याकांड

# पुलिस को मिली गैंगस्टर आलोक यादव की रिमांड

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना के टेढ़ी बगिया स्थित गेस्ट हाउस में 23 जनवरी को हुई राज चौहान की हत्या की साजिश में गैंगस्टर आलोक यादव का भी रिमांड बन गया है। बृहस्पतिवार को फिरोजाबाद जेल से बी वारंट पर पुलिस उसे दीवानी न्यायालय में लेकर आई। उसकी कोर्ट में पेशी कराई गई। इसके बाद उसे जेल में वापस दाखिल करा दिया गया। अब पुलिस जल्द कोर्ट से अनुमति लेकर जेल में बयान दर्ज करने जाएगी।

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि राज चौहान हत्याकांड की साजिश में आलोक यादव की संलिप्तता के साक्ष्य मिले थे। वह फिरोजाबाद जेल में बंद है। साक्ष्यों के आधार पर हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में राज चौहान के नाम की वृद्धि कर दी गई। उसकी कोर्ट में तलब करने के लिए बी वारंट लिया गया था। वारंट जेल में दाखिल किया गया। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम उसे आगरा की कोर्ट में लेकर आई। हत्या की साजिश में उसका रिमांड बन गया। इसके बाद उसे वापस फिरोजाबाद जेल भेज दिया गया।

थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने बताया कि राज चौहान हत्याकांड में 1 अरबाज उर्फ मंसूरी की पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में राज की मां ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर मोनू यादव पर भी आरोप लगाए थे। कहा था कि उसने ही हत्या की साजिश की। पुलिस की पूछताछ में गैंगस्टर आलोक यादव का भी नाम आया था। पुलिस ने जांच के बाद हत्या की साजिश में उसके नाम की वृद्धि की थी। वह कालिंदी विहार का रहने वाला है। उस पर पहले से 18 मामले थाना न्यू आगरा, एत्माद्दौला, हरीपर्वत, कोतवाली, ट्रांस यमुना में दर्ज हैं। वह दो साल से जेल में निरुद्ध है। गैंगवार की आशंका पर उसे आगरा की जिला जेल से फिरोजाबाद की जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस अब उसके बयान दर्ज करने के लिए कोर्ट से अनुमति लेगी।




ट्रांस यमुना कॉलोनी निवासी आलोक यादव थाना न्यू आगरा क्षेत्र में दिल्ली हाईवे पर जुलाई 2023 में लूट की तीन वारदात के मामले में सुर्खियों में आया था। इसके बाद दयालबाग में युवक को गोली मारने सहित अन्य मामलों में नाम शामिल था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। वह शहर छोड़कर भाग गया था। उसने संभल जाकर एक पुराने मुकदमे में कोर्ट में समर्पण कर दिया था। उस समय इसके ऊपर 50 हजार का इनाम घोषित था।

### क्षेत्र में इस तरह दहशत फैला रहे थे गुर्गे

कुछ दिनों से आलोक मिर्जा आगरा नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से आलोक यादव के कोर्ट परिसर के वीडियों शेयर हो रहे थे। इसे आलोक के गुर्गे कोर्ट में पेशी के दौरान बनाते थे। इस तरह की वीडियो और रील शेयर कर क्षेत्र में दहशत बनाना चाहते हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के करीबी की दबंगई, होटल में बंधक बना पीटा, कार और रुपये छीने

एनएनआई

**आगरा।** भाजपा जिलाध्यक्ष के करीबियों पर होटल में बंधक बनाकर मारपीट कर सवा दो लाख रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने थाना ताजगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

किरावली के गांव रझौली निवासी अनीश चाहर ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया के करीबी शैलेंद्र चौधरी, देवेंद्र सिंह और दो अन्य के खिलाफ थाना ताजगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि धांधूपुरा निवासी शैलेंद्र चौधरी से 6 महीने पहले? उसने दो लाख रुपये उधार लिए थे। 4 लाख रुपये दे चुके हैं। इसके बाद भी और रकम की मांग की जा रही है।

अनीश ने बताया कि 5 मई को शैलेन्द्र ने अपने साथी की मदद से उसे लव पॉइंट पर बुलाया। शैलेंद्र के साथ उसके पिता देवेंद्र सिंह सहित दो अन्य लोग भी थे। अनीश का कहना है कि वो अपनी थार गाड़ी से गए थे। आरोपी अपनी गाड़ी में बैठाकर उसे होटल में ले गया, जहां बंधक बना लिया। 6.50 लाख रुपये की मांग की। दो घंटे बंद रखा। इस दौरान शैलेंद्र ने गर्म पानी भी डाला। रुपये नहीं देने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने गाड़ी में रखे 2.25 लाख रुपये और कार भी छीन ली। पीड़ित का कहना है कि पूर्व में शैलेंद्र पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। उनके पास कमरे में बंद होने का वीडियो है। वह भाजपा जिलाध्यक्ष का करीबी है। हालांकि जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने कहाकि हर कार्यकर्ता उनका करीबी है।

## चार्जिंग पाइंट पर लगी भीषण आग, 24 ई-रिक्शा जले

**आगरा** एनएनआई। न्यू आगरा थाना क्षेत्र में सुबह 4 बजे खाली प्लॉट में बने चार्जिंग पॉइंट पर आग लग गई। आग की लपटों के साथ तेज धमाकों की आवाज से आसपास के इलाके अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकलकर आ गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। 24 ई-रिक्शा जलकर राख हो गए। एक युवक भी झुलस गया। जयपुर हाउस निवासी धनीराम ने बताया कि दो साल पहले कृष्णा बाग नगला हवेली दयालबाग में एक प्लॉट किराए पर लिया था। वहां पर ई-रिक्शा के लिए चार्जिंग पॉइंट बना दिया। बृहस्पतिवार को पॉइंट पर आग लग गई। आग की लपटें उठने के साथ तेज धमाके होने लगे। सो रहे लोग बाहर की ओर भागे लेकिन रमाशंकर आग से झुलस गए।

## नाबालिग को ले जाने वाला गिरफ्तार



एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पहले ही बालिका को सकुशल बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर चुकी थी। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर झरना नाला के पास से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि 5 मई को नाबालिग के पिता ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी पुत्री एक मई को घर से नाराज होकर कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। मामले में पुलिस ने तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के खुलासे और बालिका की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने लगातार तलाश करते हुए 10 मई को बालिका को सकुशल बरामद कर परिजन को सौंप दिया। इसके बाद से आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। बुधवार को पुलिस ने झरना नाला के पास दबिश देकर आरोपी सौरभ उर्फ दर्शन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी प्राथमिकी दर्ज है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## एक्सप्रेसवे पर भीषण तेज रफ्तार स्लीपर बस डंपर में घुसी, 12 यात्री घायल

एनएनआई

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के दिल्ली से हमीरपुर जा रही सवारियों से भरी स्लीपर कोच तेज रफ्तार बस आगे चल रहे डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में बस चालक समेत 12 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस के मुताबिक जालौन जिले के कालपी थाना क्षेत्र के नरहन निवासी चालक शैलेंद्र पुत्र गंगाराम चंदन विशाखा ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस से दिल्ली से करीब 50-60 सवारियों को लेकर हमीरपुर जा रहा था। शुक्रवार तड़के करीब 3:30 बजे थाना डौकी क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 16.700 पर तेज रफ्तार बस आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में चालक शैलेंद्र, आशिक पुत्र कामता सिंह, उनकी पत्नी अनीता निवासी मवई गुर्जर थाना कालपी जिला महोबा, प्रद्युम्न सिंह पुत्र छोटे निवासी थाना कालपी तथा दुर्गेश पुत्र विजय निवासी कालपी जिला जालौन घायल हो गए। सूचना मिलते ही डौकी पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची तथा बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी प्रथम सुधीश कुमार शुक्ला का कहना है कि बस की रफ्तार अधिक थी। हादसा संभवत बस चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तथा बाकी सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है।

# आगरा कैंट पर 40 लाख के नकली नोटों के साथ तस्कर गिरफ्तार

### दिल्ली से नागपुर में होनी थी 80 गड्डियों की सप्लाई

एनएनआई

**आगरा।** जीआरपी और आरपीएफ ने आगरा में 40 लाख रुपए के नकली नोटों की खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है। तस्कर दिल्ली से नकली नोट की खेप लेकर आगरा आया था। नकली नोटों की सप्लाई नागपुर में करनी थी।

आगरा कैंट के जीआरपी थाना पुलिस ने बुधवार रात प्लेटफॉर्म नंबर-1 दिल्ली साइड पर चेकिंग में संदिग्ध हालत में बैठे युवक को हिरासत में लिया। युवक से पूछताछ की और उसके बैग की तलाशी ली। जिसमें नोटों के 8 पैकेट मिले। ये नोट 500-500 के थे। इन आठ पैकेट में नकली नोट की 80 गड्डी बरामद हुईं। जिसकी हर गड्डी में 100 नोट थे। इस तरह से युवक से 40 लाख रुपए के नकली नोट मिले।

आगरा कैंट जीआरपी के प्रभारी




निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया, युवक ने पूछताछ में अपना नाम हरजोत पुत्र जसविंदर निवासी वार्ड नंबर-8 रोझा, लूनकरन (बीकानेर, राजस्थान) बताया। आरोपी दिल्ली से आगरा आया था। दिल्ली से नकली नोट की खेप लेकर नागपुर जा रहा था। पूछताछ में खुलासा किया कि नकली नोटों की छपाई बीकानेर में होती है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त हरजोत का कहना है कि नकली नोट की सप्लाई का बड़ा गैंग और नेटवर्क है, जो दिल्ली में एक्टिव है। इस गैंग का देश के अधिकतर राज्यों में मजबूत नेटवर्क है। जिसके जरिए ही नकली नोट की सप्लाई होती है। आरोपी से पूछताछ करके यह पता किया जा रहा है कि अब तक कितनी बार नकली नोट की सप्लाई कर चुका है। नागपुर में नकली नोट की खेप किस तक पहुंचानी थी। दिल्ली और बीकानेर में एक्टिव गैंग के सदस्यों की तलाश की जा रही है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 15 मई, 2026


# सामाजिक नियम एवं संसदीय कानून

**सर्वप्रथम एनएनआई परिवार की इस बात की प्रशंसा करना चाहता हूँ कि जहाँ एक ओर मीडिया जगत चटपटी खबरों को अपने अस्तित्व एवं उन्नति का आधार मानता है, एनएनआई ने सदैव गम्भीर पत्रकारिता के सिद्धान्त को अपनाया है व अपने पाठक वर्ग को ठोस जानकारियाँ उपलब्ध कराकर मानसिक समृद्धि प्रदान की है, जिसके लिए वह साधुवाद का पात्र है।**

पाठकों मानव जीवन में बेबी स्टैप्स का अत्यधिक महत्व है। मनुष्य छोटे-छोटे कदमों से शुरूआत करके ही बड़े कदम भरना सीखता है। ए,बी,सी,डी सीखने के बाद ही शब्द और फिर वाक्य निर्माण में प्रवीणता प्राप्त होती है। इसी सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए हम अपने एनएनआई लीगल लेंस (विधिक परिचर्चा) में सीधे कोई भारी-भरकम विषय प्रस्तुत करने के बजाय सर्वप्रथम उन छोटे-छोटे सामाजिक नियमों का वर्णन करेंगे, जिनका पालन करने से देश, समाज और सभ्यता में एक बड़ा बदलाव दिखाई देता है। जिन राष्ट्रों को हम सभ्य एवं विकसित की दृष्टि से देखते हैं उनमें सामाजिक नियमों का पालन इसलिए नहीं किया जाता क्योंकि वे विकसित हैं, वरन चूँकि वे सामान्य सामाजिक नियमों का पालन कड़ाई से करते हैं अतः वे सभ्य एवं विकसित की श्रेणी में आते हैं। सभ्यता के नियमों का पालन करने वाले बुरे वातावरण को भी अच्छा बना लेते हैं, और सभ्यता की धज्जियाँ उड़ाने वाले अच्छे-खासे वातावरण एवं परिस्थितियों को भी खराब कर देते हैं।



एडवोकेट अनुज गर्ग,
एम.कॉम, एलएल.एम

पाठकों मैं आपके समक्ष कुछ साधारण सामाजिक क्रिया-कलाप प्रस्तुत कर रहा हूँ जो एक विकसित राष्ट्र एवं असभ्य राष्ट्र में अलग-अलग तरीके से किये जाते हैं।

### रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, बैंकों या अन्य किसी सार्वजनिक सुविधा के काउण्टर पर अपना कार्य कराने का तरीका:

जहाँ सभ्य एवं विकसित राष्ट्रों के नागरिक बड़ी शालीनता से पंक्तिबद्ध होकर धैर्यपूर्वक अपना कार्य कराते हैं, वहीं असभ्य दिखने वाले राष्ट्रों में नागरिकों में धैर्य एवं शालीनता का पूर्ण अभाव होता है। वे पंक्ति में लगे बिना पंक्तिबद्ध लोगों को धक्का देकर अपने काम को कराने को अपनी शान समझते हैं, और धीरे-धीरे यही उस राष्ट्र का 'स्वीकृत सामाजिक नियम' बन जाता है अर्थात पंक्ति तोड़ने वाले को इस बात का एहसास तक नहीं होता कि वह कुछ गलत कर रहा है। इस प्रकार इस विषय पर कोई कठोर संसदीय कानून बन ही नहीं पाता जो इस प्रकार का अपकृत्य करने वाले को हतोत्साहित करता हो।

### सड़क व रेलवे क्रॉसिंग पर अपना दुपहिया/चौपहिया वाहन चलाने का तरीका:

इस बिन्दु के अलग-अलग आयाम हैं। पहला आयाम अपनी लेन में चलने व रॉन्ग साइड में चलने का है। एक क्षण भी बीतने से पहले तेजी से अपने वाहन को रॉन्ग साइड में ले जाने वाले को इस बात का इल्म ही नहीं होता कि वह कुछ गलत कर रहा है जिससे कि राष्ट्रीय हानि कारित हो रही है। रॉन्ग साइड में वाहन ले जाकर सामने से आते ट्रैफिक के मार्ग में बाधा पहुँचाकर लगने वाले ट्रैफिक जाम से अन्य लोगों का कीमती समय तो नष्ट होता ही है, जाम के कारण वाहनों में ईंधन की व्यर्थ की खपत होती है। दूसरा आयाम खतरनाक ड्राइविंग एवं साइलेंसरों से पटाखे बजाने का है। इस दोनों से ही अन्य वाहन चालकों में भय उत्पन्न होकर दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यद्यपि दोनों ही आयामों पर सुसंगत कानून हैं, लेकिन सामाजिक दबाव के अभाव में खतरनाक ड्राइविंग करने वाले एवं साइलेंसरों से पटाखे बजाने वाले लोग बेखौफ होकर इसे लगातार करते रहते हैं और आए दिन गम्भीर दुर्घटना की खबरें प्रकाशित होती रहती है। आखिर इस पर सख़्ती से रोक कौन लगाएगा। मेरी समझ से इसमें सरकार और नागरिकों की संयुक्त भूमिका है। जो समाज जागरुक होते हैं, वो सरकार को नियमों का पालन कराने एवं दोषी को दण्डित कराने में उदासीन नहीं होते। वे सरकार को सहयोग प्रदान करते हैं।




### कूड़े को निस्तारित करने का तरीका:

यद्यपि भारत के अनेक शहरों यहाँ तक कि कतिपय ग्राम पंचायतों में भी डोर-टु-डोर कूड़ा कलैक्शन की पद्धति लागू कर दी गई है, उसके बाद भी आधे से अधिक लोग पॉलीथीन, खाली रैपर, सैनिटरी पैड आदि का उचित निस्तारण न करते हुए इन्हें कहीं भी फैंककर वातावरण को गंदा एवं दूषित करते रहते हैं, जिसके कारण देश सभ्य एवं विकसित दिखाई देने से वंचित रह जाता है। जब तक समाज एवं सामाजिक नियम उदासीन बने रहेंगे तथा दोषी व्यक्ति का मौके पर ही तत्काल विरोध नहीं किया जाएगा, तब तक उसका हौसला बढ़ता ही रहेगा। एक नवीन तथ्य यह निकलकर सामने आया है कि हमारे देश में लोगों को इस बात का एहसास एवं जानकारी ही नहीं है कि सैनिटरी पैड को लैटरीन के पॉट में बहा देने से शहर का सार्वजनिक सीवर सिस्टम इस हद तक जाम हो जाता है कि उसे फिर से चालू करना लगभग नामुमकिन-सा हो जाता है और गंदा बदबूदार सीवर सड़कों-गलियों में ओवरफ़्लो होकर बहता रहता है। इस संबंध में भी लोक जागरुकता एवं सामाजिक नियम एवं परंपरा बनाए जाने की महती आवश्यकता है।

### ट्रेनों, बसों व अन्य सार्वजनिक परिवहन के साधनों में चढ़ने, व उनके इस्तेमाल का तरीका:

पता नहीं क्यों, हमारे देश में यह स्थापित-सा सामाजिक नियम है कि ट्रेनों, बसों व सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों में सभ्यता को परे रखते हुए धक्का-मुक्की करके ही चढ़ना है फिर चाहे उसमें कितने ही स्थान खाली हों और उसके बाद भी तमाम गाड़ियों को आना हो। फिर जब फोर्स के सिपाही, दरोगा, इंस्पेक्टर सख़्ती लागू करके लाइन बनवाकर लोगों को चढ़ाते हैं, तब सब सही हो जाता है। सवाल यह है कि यह बर्ताव एक सामाजिक नियम क्यों नहीं है। कई बार इस धक्का-मुक्की में गम्भीर हादसे भी हो जाते हैं और लोगों (विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों) की जान तक चली जाती है। यदि धैर्यपूर्वक चढ़ने व सार्वजनिक परिवहन के साधनों को स्वच्छ रखने को निरंतर व्यवहार द्वारा एक सामाजिक नियम में तबदील कर दिया जाए तो देश में अवश्य ही सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे।

पाठकों, सामान्य सामाजिक नियमों से ही आगे चलकर संसदीय कानूनों का विकास होता है, जिसका पालन करने की बाध्यता होती है, और उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान होता है। यह कहना अतिश्योक्ति न होगी कि मानव व्यवहार के संबंध में संसदीय कानून कितना ही भारी-भरकम क्यों न हो, किन्तु जब तक वह एक सामाजिक नियम के रूप में चलन में न हो, समाज में सभ्यता का सदैव अभाव दिखाई देता है, व राष्ट्र अविकसित की श्रेणी में ही खड़ा रह जाता है।

**नोट: इस लेख में लिखी कोई भी बात केवल पाठकों की सामान्य जानकारी के लिए प्रस्तुत की गई है। किसी भी विधिक वाद में इसका नजीर के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।**

**■ लेखक, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विधिक मामलों के जानकार हैं।**



# नगर निगम कार्यकारिणी ने 2202 करोड़ के बजट को दी मंजूरी

- खराब सड़कों के लिए 212 करोड़ और लाइट व्यवस्था पर 30 करोड़ खर्च होंगे
- पहली बार डॉग शेल्टर के लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान



एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम आगरा की कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 2202 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट को मंजूरी दे दी गई। अब इस बजट को चर्चा और अंतिम स्वीकृति के लिए नगर निगम सदन में प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रस्तावित बजट में शहर के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। बजट के अनुसार शहर के विकास कार्यों पर 1425.77 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन के निर्देशों के बाद टोरंट पावर से ट्रांसफार्मर आदि मदों में मिलने वाले 431 करोड़ रुपये के किराये को अनावश्यक अधिभार मानते हुए बजट से हटा दिया गया है।

बैठक में खराब सड़कों के अनुरक्षण और मरम्मत कार्यों के लिए 212 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत 200 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। शहर के पार्कों के विकास के लिए 12 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

नगर निगम ने पहली बार डॉग शेल्टर के लिए भी एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण पर पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नाले-नालियों के निर्माण और सुधार कार्यों के लिए 44 करोड़ रुपये तथा शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 30 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था से नगर निगम की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 की तुलना में इस मद में निगम को आठ गुना अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं विज्ञापन मद से भी निगम को 9.68 करोड़ रुपये की आय हुई है।

बैठक में 13वें, 14वें और 15वें अधिवेशन की स्थगित बैठकों के साथ 16वें अधिवेशन की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। जलकल विभाग के मूल बजट 2026-27 के आय-व्यय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य, अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, उपनगर आयुक्त डॉ. सरिता सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी से भाजपाइयों में आक्रोश, महिलाओं ने निकाली पदयात्रा




- जिला मुख्यालय पर तख्ती-बैनर लेकर महिलाओं ने किया जोरदार प्रदर्शन
- सपा सांसद से माफी की मांग, भाजपा नेताओं ने टिप्पणी को बताया अमर्यादित

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और महिला पदाधिकारियों ने हमीरपुर के सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रशांत पोनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया और वरिष्ठ नेत्री निर्मला दीक्षित के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पदयात्रा निकालकर विरोध जताया। सुबह 10 बजे से महिलाएं जिला मुख्यालय पर जुटना शुरू हो गई थीं। कड़ी धूप के बीच करीब साढ़े 11 बजे तक प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने तख्ती और बैनर लेकर अजेंद्र सिंह माफी मांगो, मोदी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और समाजवादी पार्टी शर्म करो जैसे नारे लगाए। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ नागरिकों की आशा, विश्वास और नए भारत के संकल्प के प्रतीक हैं। उनके खिलाफ की गई टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अपमान है और इससे देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य निर्मला दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए सपा सांसद द्वारा प्रयोग की गई भाषा अशोभनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के लिए कार्य कर रहे हैं और आगामी चुनावों में मातृशक्ति इसका जवाब देगी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पोनिया ने कहा कि विश्व स्तर पर लोकप्रिय जननेता के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी सपा की दूषित मानसिकता को दर्शाती है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और जनकल्याण के लिए कार्य करने वाले प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों को जनता चुनाव में जवाब देगी। प्रदर्शन में महेश शर्मा, शिव कुमार प्रमुख, सत्य प्रकाश लोधी, रोहित कत्याल, सहदेव शर्मा, रंजना पवार, प्रवीणा राजावत, अनीता खरे, डॉ. निधि शर्मा, आशा देवी चक, नेहा गुप्ता, अंजू गर्ग, माधुरी माहौर, सुनीता सारस्वत, उपमा गुप्ता, दीपिका मित्तल, मनीषा सिंह, रमा शर्मा, ज्योति जादौन, अनुपम चौहान, रेनू चौहान, मनीषा जैन, निधि पाठक, सरोज चाहर, कुमकुम उपाध्याय, भावना मिश्रा, सिंपल अग्रवाल, नवीन प्रजापति, अनिल सारस्वत, मुकेश चाहर और मनीष थापक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोकहितम लगाएगा महारक्तदान व निःशुल्क जांच शिविर, 300 यूनिट संग्रह का लक्ष्य

- 17 मई को स्थापना दिवस समारोह में 60 संस्थाएं और दुर्लभ रक्तदाता होंगे सम्मानित



एनएनआई

**आगरा।** लोकहितम चैरिटेबल ब्लड सेंटर का 16वां स्थापना दिवस समारोह 17 मई को कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में आयोजित किया जाएगा। स्थापना दिवस पर महारक्तदान शिविर, निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य जाँच एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को कमला नगर स्थित लोकहितम भवन में स्थापना दिवस समारोह के आमंत्रण पत्र का विमोचन संस्था पदाधिकारियों ने किया।

अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल* ने बताया कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान के समान है। गर्मियों के मौसम में अक्सर रक्त की कमी हो जाती है, ऐसे में स्थापना दिवस पर महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में करीब 20 सहयोगी संस्थाओं और युवाओं की भागीदारी से प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में 300 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

महासचिव अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि डायलिसिस मरीजों के लिए दूसरा शिविर लोकहितम भवन में निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर भी लगाया जाएगा। जिसमे डॉ. रजत मंगल मरीजों को परामर्श देंगे और शिविर में बॉडी कंपोजिशन मॉनिटर (बीसीएम) मशीन के माध्यम से मरीजों की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का सटीक सम्पूर्ण आकलन किया जा सकेगा। संरक्षक राकेश मंगल ने बताया कि शाम सात बजे स्थापना दिवस समारोह में समाजसेवा, रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाली 60 संस्थाओं एवं पांच दुर्लभ रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन संजय विनायक जोशी, आशीर्वचन संत लोकेशानंद जी महाराज और विशिष्ट अतिथि डॉ. मुनीश्वर गुप्ता रहेंगे। संस्था का वर्षभर के सेवा कार्य का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जायेगा। इस अवसर पर संरक्षक कोषाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, ब्लड बैंक निदेशक संजीव जैन, डायलिसिस सेंटर निदेशक भुवेश अग्रवाल, सुनील गोयल, महेंद्र सिंघल, रोहित अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, केके अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अशोक अग्रवाल फरह वाले, शरद मित्तल, अर्पित गोयल, मयंक गोयल आदि उपस्थित रहे।

## टीडीए के अध्यक्ष बने डॉ. नरेंद्र गुप्ता और सचिव बने डॉ. पंकज

- ताज डॉक्टर्स एसोसिएशन के अधिष्ठापन समारोह में नयी टीम ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ
- चिकित्सकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर जताई चिंता, एकजुटता का दिया संदेश




एनएनआई

**आगरा।** ताज डॉक्टर्स एसोसिएशन (टीडीए) की नई कार्यकारिणी ने गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। फतेहाबाद रोड स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप मे आयोजित अधिष्ठापन समारोह में संगठनात्मक एकता के संदेश के बीच चिकित्सकों की सुरक्षा, सम्मान और समाज सेवा को नई दिशा देने की घोषणा भी की गई। समारोह का शुभारंभ आईएमए अध्यक्ष इलेक्ट डॉ. हरेंद्र गुप्ता, वक्ता डॉ. रश्मि मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष राजीव उपाध्याय और डॉ. आरती गुप्ता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मंच से नवीन सत्र 2026-27 की कार्यकारणी में अध्यक्ष पद पर डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता, सचिव पद पर डॉ. पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. समीर शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. सविता त्यागी, डॉ. दिलीप सोनी, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. अमिता सिंह, डॉ. प्रखर मोहनिया और सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. भावना सिंह व डॉ. रूचि अग्रवाल को संरक्षक डॉ. हरेंद्र मोहनिया ने शपथ ग्रहण करायी।

मुख्य अतिथि डॉ. हरेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन की मजबूती ही डॉक्टरों की सबसे बड़ी शक्ति है। चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। वर्तमान समय में डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि उनकी टीम चिकित्सकों की सुरक्षा, युवा डॉक्टरों के मार्गदर्शन, नैतिकता, अनुशासन और समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम सकारात्मक सोच के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

समारोह में एसोशिएशन ने चिकित्सकों के विरुद्ध बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता व भावना ने किया। इस अवसर पर संजय बंसल, डॉ माला यादव, डॉ विजया सोनी, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. संजना महेश, मनोज शर्मा, एमएल दीक्षित, विजय खुराना, नवीन जनवेजा, प्रांजल गुप्ता, उन्नत कुलश्रेष्ठ आदि मौजूद रहे।

# 20 मई को हड़ताल में शामिल नहीं होंगे रिटेल कैमिस्ट

■ आगरा रिटेल कैमिस्ट एसोसिएशन ने बंद से खुद को किया अलग




एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में आगरा फार्मा एसोसिएशन ने ई-फामेसी के विरोध में मेडिकल स्टोर बंद रखने का ऐलान किया है, वहीं दूसरी ओर आगरा रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन ने हड़ताल से खुद को अलग करने का फैसला लिया है।जिसके चलते ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को प्रस्तावित मेडिकल स्टोरों की हड़ताल को लेकर आगरा में केमिस्ट संगठनों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं।

आगरा रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि संगठन से जुड़े करीब 1400 मेडिकल स्टोर 20 मई को भी सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे। एसोसिएशन ने कहा कि हड़ताल के कारण मरीजों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को परेशानी हो सकती है। ऐसे में मेडिकल स्टोर बंद रखना जनहित के खिलाफ होगा। संगठन ने साफ किया कि मरीजों को दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष ब्रह्मभट्ट ने कहा कि ई-फामेसी का मुद्दा अपनी जगह है, लेकिन मरीजों की जरूरतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि संगठन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हड़ताल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। सभी सदस्य अपने मेडिकल स्टोर नियमित रूप से संचालित करेंगे, ताकि शहर में दवाओं की सप्लाई प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर को जबरन बंद कराने की कोशिश की गई तो इसकी शिकायत तत्काल पुलिस और प्रशासन से की जाएगी। संगठन ने प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा जताई है, ताकि मेडिकल सेवाएं सुचारु रूप से जारी रह सकें। बैठक में संस्थापक श्याम तिवारी, प्रेम सिंह राजावत, सतीश पाठक, कपिल बंसल, कृपांश बरौत समेत कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि संगठन का यह फैसला पूरी तरह मरीजों के हित और दवाओं की निर्बाध उपलब्धता को ध्यान में रखकर लिया गया है।

# वरद वल्लभा के जयघोष से गूंजा शहर

## दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में उमड़ी श्रद्धा और दक्षिण भारतीय परंपरा की छटा

एनएनआई



**आगरा।** आगरा फिरोजाबाद रोड स्थित श्री वरद वल्लभा महा गणपति मंदिर में चतुर्थ वार्षिक उत्सव समारोह दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों, वैदिक परंपराओं और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। दक्षिण भारतीय वास्तुशिल्प की भव्यता से सुसज्जित मंदिर में भगवान महागणपति के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

आयोजक हरिमोहन गर्ग (एनआरएल ग्रुप)ने बताया कि दो दिवसीय उत्सव की शुरूआत बुधवार को प्रातःकाल विशेष पूजन-अर्चन के साथ हुई। प्रथम दिन शुद्धिकरण, पुष्पार्चन, कलश स्थापना और गणपति हवन संपन्न हुआ। संध्या बेला में वैदिक विधि से गणपति सहस्त्रनाम हवन, लक्ष्मी गणपति हवन, मृत्युंजय हवन तथा धनवंतरी हवन आयोजित किए गए। इन अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलकामना के लिए आहुतियां दीं।

गुरुवार को कार्यक्रम का दूसरा दिन अत्यंत श्रद्धा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रातःकाल कलश पूजन, कुम्भाभिषेक और भगवान गणपति का विशेष अभिषेक कराया गया। कांचीपुरम से आए भरनीधरन आर. के सानिध्य में यज्ञाचार्य सबरी राजन द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। सायंकाल मंदिर प्रांगण में भगवान गणपति की पालकी यात्रा निकाली गई। पुष्पों और रोशनी से सजी पालकी में विराजमान महागणपति के दर्शन के लिए भक्तों का उत्साह देखते ही बना। यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयघोष, भजन और ढोल-नगाड़ों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया।

इसके उपरांत दक्षिण एवं उत्तर भारतीय परंपराओं के समन्वय से विशेष महाआरती आयोजित की गई। दीपों की पंक्तियों, शंखनाद और वैदिक मंत्रों के बीच हुई महाआरती ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

आरती में विशेष रूप से उपस्थित रहे केंद्र राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने कहा कि श्री वरद वल्लभा महा गणपति मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी प्रेरणास्रोत है।

यतेन्द्र कुमार गर्ग (एनआरएल ग्रुप) ने बताया कि यह मंदिर न केवल गणपति भक्ति का केंद्र है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के संगम का भी प्रतीक बन गया है। इस अवसर पर विधायक पुरषोत्तम खंडेलवाल, श्री राम लीला कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल, मुकेश जैन, नीरज गर्ग, सिद्धांत गर्ग, दीपक गर्ग, साधना गर्ग, रिद्धि, अदिति, चन्दर सचदेवा, सीए राकेश अग्रवाल, सुनील बंसल, अर्चना अग्रवाल, संजय बंसल आदि उपस्थित रहे।

# अटलपुरम में 462 आवासीय भूखंडों के लिए पंजीयन शुरू

एनएनआई

**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा विकसित की जा रही अटलपुरम टाउनशिप में आवासीय भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के अनुसार, योजना के विभिन्न सेक्टरों में कुल 462 आवासीय भूखंड उपलब्ध हैं, जिनके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 मई 2026 से शुरू हो चुकी है। आवेदक 15 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।मंडलायुक्त आगरा मंडल नगेन्द्र प्रताप ने अटलपुरम टाउनशिप फेस-1, फेस-2 और फेस-3 में उपलब्ध आवासीय भूखंडों के ऑनलाइन पंजीकरण अभियान का शुभारंभ किया।आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक लोग आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के जनहित पोर्टल जनहित पोर्टल तथा आगरा विकास प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। प्राधिकरण द्वारा जारी जानकारी के अनुसार योजना में सभी वर्गों के लिए भूखंड उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) से लेकर सुपर लक्झ़ श्रेणी तक के प्लॉट शामिल हैं।एडीए अधिकारियों के अनुसार अटलपुरम टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। योजना में सड़क, जलापूर्ति, विद्युत, पार्क, हरित क्षेत्र तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार की समस्या होने पर आवेदक हेल्पलाइन नंबर 0662-2510070 और 9084407890 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा प्राधिकरण कार्यालय स्थित जन सहायता केंद्र पर भी कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सहायता उपलब्ध रहेगी।

## जिला जेल को भेंट किये 20 सीलिंग फैन



**आगरा एनएनआई।** सत्यमेव जयते ट्रस्ट ने जेल के कैदियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए 20 सीलिंग फैन जिला जेल को भेंट किये। इसमें राजीव गुप्ता व विनीत अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। जेल अधीक्षक हरीओम शर्मा ने सत्यमेव जयते ट्रस्ट से इन पंखों के सहयोग की अपेक्षा की थी। जेलर नागेश सिंह ने कैदियों के प्रति ट्रस्ट की सकारात्मक सोच व सहयोग की सराहना की। इस मौके पर जेलर नागेश सिंह, शम्भू नाथ चतुर्वेदी, पूर्व महासचिव गौतम सेठ, महामंत्री अनिल गोयल एडवोकेट, डा मोहित गुप्ता, अनिल जैन, रविन्द्र अग्रवाल, हरीश वासवानी,मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल मौजूद रहे।

# गोशालाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर, वर्मी कंपोस्ट और गोबर गैस उत्पादन पर जोर

एनएनआई

**आगरा।** योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए कृषि और डेयरी सेक्टर पर विशेष फोकस कर रही है। उन्नत गोवंश को बढ़ावा देने और डेयरी सेक्टर में पूंजी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से आरबीएस कॉलेज के राव कृष्णपाल सिंह ऑडिटोरियम में "डेयरी कॉन्क्लेव- स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम" का भव्य आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, दुग्ध आयुक्त धन लक्ष्मी के. और जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यशाला में बताया गया कि दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर नंदबाबा दुग्ध मिशन और दुग्ध नीति-2022 के प्रचार-प्रसार के लिए मंडल स्तर पर ये कार्यक्रम हो रहे हैं। गोशालाओं को अब केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें खाद और गोबर गैस उत्पादन से जोड़ा जा रहा है। सरकार जल्द ही सभी दुग्ध समितियों का भुगतान साप्ताहिक करने की व्यवस्था लागू करने जा रही है।

कार्यक्रम में आगरा और अलीगढ़ मंडल के पशुपालकों, निवेशकों और उद्यमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उत्कृष्ट गोपालकों को सम्मानित किया गया और स्टॉल्स के जरिए नवीन दुग्ध उत्पादों का प्रदर्शन हुआ। किसानों को बताया गया कि नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में



31.50 लाख, मिनी नंदिनी योजना में 11.80 लाख, मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में 80 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सपा सरकार में पहले गाय माता कसाई को देखकर कांपती थी, योगी जी की सरकार में कसाई गाय को देखकर कांपता है। योगी सरकार ने प्रदेश में एक भी नया स्लॉटर हाउस नहीं खुलने दिया। किसानों को देशी गाय पालनी चाहिए। मोदी जी ने यूपी को 520 मोबाइल वैन दी हैं, टोल-फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने पर एक घंटे में टीम घर आकर पशुओं का इलाज करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आगरा के पराग डेयरी प्लांट को भी जल्द शुरू किया जाएगा।

दुग्ध आयुक्त धन लक्ष्मी के. ने कहा कि भारत के कुल दुग्ध उत्पादन में 16 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी पहले स्थान पर है। यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए प्राप्त 5 हजार करोड़ के डेयरी निवेश में आगरा और अलीगढ़ मंडल की 18 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसे और बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। नंदबाबा मिशन के तहत गोवंश नस्ल सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय दोगुनी करने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें 5 से 10 करोड़ रुपये तक के प्रोजेक्ट पर 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान है।

डेयरी कॉन्क्लेव में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। सहज, अल्फा, भोले बाबा और रवि लाला जैसे प्रमुख ब्रांडों ने प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान मथुरा की श्री माताजी गौशाला के सम्राट कौशिक ने बायोगैस तथा एनडीडीबी के दीपक कंबोज ने डेयरी नवाचार पर अपने अनुभव साझा किए। आयोजन में पराग, सहज, कुमार मिल्क प्रोटीन और विजय ट्रेडिंग कंपनी जैसे बड़े ब्रांडों ने आकर्षक स्टॉल लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वित्त नियंत्रक अरविन्द कुमार सिंह, मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी डॉ. राम सागर, इन्द्रभूषण सिंह, राजेश सोनकर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

# ओवरटेक कर रही बस ने बाइक सवार को रौंदा

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बिहार से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार निजी बस ने ओवरटेक के दौरान बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बस चालक और सह चालक मौके से फरार हो गए।




हादसा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 4+700 पर हुआ। जानकारी के अनुसार आनंद ट्रैवल्स की बस बिहार से दिल्ली जा रही थी, जिसमें करीब 80 यात्री सवार थे। इसी दौरान बस चालक ने आगे चल रही बाइक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी बस की टक्कर बाइक से हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सत्यवीर पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम रतवा खन्ना, जिला हमीरपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक बस के नीचे फंस गई और करीब 100 गज तक घिसटती चली गई। बाद में चालक बस को पीली पट्टी के पास खड़ा कर फरार हो गया।

सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी सुधीश कुमार शुक्ला, थाना बमरौली कटारा पुलिस, चौकी प्रभारी नदोता, पीआरबी 8647, सेफ्टी एटलस टीम, एसएसडी तथा यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। घायल युवक को एंबुलेंस 108 की मदद से एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कराया। वहीं हाइड्रा मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त बाइक और बस को हटाकर थाना बमरौली कटारा भेज दिया गया। हादसे के चलते कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सुचारू करा दिया गया।

## बाइक सवार को रोक कर बेरहमी से पीटा

**बाह** एनएनआई। बाइक सवार युवक को घेर कर पीटे जाने एवं मारपीट के दौरान सोने की अंगूठी और 20 हजार रुपये गुम होने का मामला सामने आया है। हिंगोटखेड़ा के रामबाबू ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले बेटा संजय बाइक से मंगदपुर जा रहा था। रुदमुली मोड पर शराब के ठेके के पास गांव के सतीश और उसके 4 साथियों ने बाइक रोक ली। लाठी, सरिया से हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गया। मारपीट के दौरान उसकी सोने की अंगूठी और 20 हजार रुपये गुम हो गये। भीड़ जमा होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया था। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि घायल के पिता की तहरीर पर एक नामजद समेत 5 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**एक नामजद समेत 5 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

## पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



एनएनआई

**फतेहाबाद।** क्षेत्र के ग्राम शालूबाई सुखलालपुरा में यमुना नदी पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन लगातार जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया नहीं होने के कारण गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में नदी पार करना बेहद खतरनाक हो जाता है। किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ती है। कई बार लोगों को लंबा रास्ता तय कर दूसरे मार्ग से गुजरना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द पुलिया निर्माण कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई बार शिकायत और मांग पत्र देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन आजाद हिन्द का धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। यह आंदोलन जिला अध्यक्ष आगरा कृष्णा ओझा एवं मंडल अध्यक्ष आगरा पंडित विपिन शर्मा के नेतृत्व में चल रहा है।

धरने में मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा, जिला अध्यक्ष कृष्णा ओझा, तहसील अध्यक्ष फतेहाबाद लवकुश वर्मा, अवधेश वर्मा, छोटेलाल, जिला मीडिया प्रभारी आगरा रवी ओझा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

## मंदिर जाने की कहकर निकली युवती लापता

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। थाना क्षेत्र के एक गांव से 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारियों सहित संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में युवती के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पुत्री की बरामदगी की मांग की है।

पीड़ित पिता के अनुसार उनकी पुत्री मंगलवार को मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों व रिश्तेदारियों में तलाश शुरू की, मगर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा युवती की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

## घर का जंगला तोड़कर लाखों की चोरी, सूचना पर घर लौट रहे दो भाई सड़क हादसे में घायल

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम दाउदपुर के मजरा उत्तू में बुधवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पार कर दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम उत्तू निवासी निरंजन शर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद शर्मा बुधवार रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। आरोप है कि देर रात चोर घर का जंगला तोड़कर अंदर घुस आए और कमरों के बाहर से कुंडियां लगा दीं, जिससे घर में मौजूद वृद्ध दंपति और पुत्रवधुएं बाहर नहीं निकल सकीं। इसके बाद चोर घर में रखा संदूक उठाकर ले गए।

पीड़ित के अनुसार संदूक में सोने की चेन, पेंडल, दो अंगूठियां, चांदी की पायल, कोदनी समेत करीब 1.90 लाख रुपये नगद रखे हुए थे। घटना की जानकारी होने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद पास ही खेतों में घर से चुराया गया संदूक भी मिल गया जिसमें मूल्यवान सामान चोरी कर लिया गया बताया गया है कि पीड़ित ने घटना की जानकारी पी ए सी में तैनात अपने दोनों पुत्रों विष्णु शर्मा और पवन शर्मा को दी, जो पीएसी में तैनात हैं। सूचना मिलते ही दोनों भाई रात में बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।

थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गुम मोबाइल पाकर खिला आवेदक का चेहरा, पुलिस ने लौटाया फोन

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। थाना पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर आवेदक को सुपुर्द कर सराहनीय कार्य किया है। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक ने पुलिस टीम का आभार जताया। मुकेश कुमार पुत्र लालाराम निवासी चक बहनेरा, भरतपुर (राजस्थान) का मोबाइल फोन 13 अप्रैल 2026 को थाना क्षेत्र में कहीं गुम हो गया था। इस संबंध में उन्होंने संचार साथी के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस एवं सी ई आई आर पोर्टल की सहायता से मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद कर लिया। आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने मोबाइल फोन आवेदक को सौंप दिया। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक मुकेश कुमार ने पुलिस का धन्यवाद व्यक्त किया।



## चोरों ने किए लाखों के जेवर और कैश पार

**पिनाहट** एनएनआई। थाना पिनाहट क्षेत्र के अन्तर्गत गांव सुबेदार पुरा में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नगदी चोरी कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी दयाशंकर पुत्र श्रीकृष्ण घर पर अकेले थे, जबकि उनके माता-पिता परिवार सहित माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए हुए थे। बुधवार सुबह जब दयाशंकर जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। कमरों और बक्सों के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। पीड़ित के अनुसार चोर घर से सोने-चांदी के आभूषणों के साथ करीब 50 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए।

घटना के बाद घर के पीछे खेतों में टूटे हुए बक्से और बिखरा सामान मिला, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोर वारदात के बाद सामान लेकर खेतों की ओर भागे। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। थाना प्रभारी वीरेश पाल गिरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## सेंचुरी एरिया में ऊंटों से धड़ल्ले से बालू खनन, सख्ती बेअसर

एनएनआई

**पिनाहट।** चंबल सेंचुरी क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और प्रशासनिक दावों के बावजूद अवैध बालू खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफियाओं ने कार्रवाई से बचने के लिए अब ट्रैक्टर-ट्रॉली की जगह ऊंटों के जरिए बालू ढोने का नया तरीका अपना लिया है। सेंचुरी क्षेत्र के विप्रावली, करकौली और आसपास के दर्जनों गांवों में दिनदहाड़े खुलेआम ऊंटों से बालू खनन और परिवहन किया जा रहा है।



चंबल नदी को घड़ियाल, मगरमच्छ और अन्य जलीय जीवों के संरक्षण के लिए संरक्षित घोषित किया गया है। सेंचुरी एरिया में किसी भी प्रकार के खनन और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध कारोबार चला रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कर्मचारियों की संलिप्तता के कारण यह धंधा लगातार फल-फूल रहा है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उच्च स्तरीय जांच टीम ने क्षेत्र का दौरा किया था। टीम की मौजूदगी के दौरान कुछ दिनों तक खनन बंद रहा, लेकिन टीम के लौटते ही फिर गतिविधियां शुरू हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि घनी आबादी वाले इलाकों से खुलेआम बालू की तस्करी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। वहीं रेंजर बाह कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि समय-समय पर छापेमारी की जाती रही है।

मामला संज्ञान में नहीं है जांच की जाएगी।

## संपादकीय

# सिस्टम की नाकामी से छात्रों संग अन्याय

पेपर लीक के बाद नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट परीक्षा 2026 रद्द कर दी गई। निस्संदेह, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। अब उन्हें फिर से परीक्षा के तनाव और चिंता से गुजरना होगा। यह उन लाखों स्टूडेंट्स के साथ नाइंसाफी है, जिन्होंने पूरी मेहनत से पढ़ाई की और मौजूदा सिस्टम पर भरोसा जताया। देश भर में हर साल लाखों विद्यार्थी इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। मगर उनकी उम्मीदें तब धुंधली पड़ जाती हैं, जब परीक्षा में अनियमितता की बातें सामने आती हैं या फिर पचालींक की वजह से परीक्षा को रद्द कर दिया जाता है।सवाल है कि इस तरह की प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार गड़बड़ियों के मामले सामने क्यों आ रहे हैं? एनटीए का दावा है कि प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसे संबंधित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में पूरी गोपनीयता बरती जाती है और जरूरी सुरक्षा मानदंडों का भी कड़ाई से पालन किया जाता है फिर क्या वजह है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र चुनिंदा विद्यार्थियों तक पहुंच जाता है! आखिर एनटीए और जांच एजेंसियां उस सिरे को क्यों नहीं ढूंढ पा रही हैं, जिसकी वजह से इस तरह की गड़बड़ियों का सिलसिला जारी है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ( एनटीए ) की जितनी उम्र है, उससे जुड़े लगभग उतने ही विवाद। साल 2017 में इसकी स्थापना देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के उद्देश्य से की गई थी। लेकिन, एजेंसी इसमें बार-बार नाकाम रही है। मेडिकल संस्थानों में एडमिशन के लिए होने वाली नीट यूजी परीक्षा का रद्द होना एनटीए की कार्यप्रणाली पर एक और सवाल है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब एनटीए की ओर से आयोजित की जाने वाली किसी प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं।पिछले कुछ वर्षों से इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं

आरोप है कि एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, अब पूरी संरचना बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है।राजनेता व जनता पीपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है।यह विडंबना ही है कि भ्रष्टाचार के बाजार में लाखों छात्रों की मेहनत और सपने नीलाम हो रहे हैं। लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण के भी आरोप लग रहे हैं। तभी कई बार नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बावजूद किसी को बड़ी सजा अब तक नहीं मिली है। यही वजह कि नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट में बदलने की मांग की जा रही है।इस तरह के मामलों का बार-बार उठना न तो एनटीए की विश्वसनीयता के लिए ठीक है और न ही इन परीक्षाओं के लिए। एजेंसी के ऊपर जो जिम्मेदारी है, उस पर लाखों छात्रों का भविष्य टिका है। एजेंसी के निर्णयों के केंद्र में स्टूडेंट्स का हित होना चाहिए। अपनी गलतियों से सीखने के लिए एक दशक का अनुभव कम नहीं होता।सरकार ने वर्ष 2018 में एनटीए की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षाएं आयोजित करना है, जिनमें नीट, जेईई, यूजीसी और नेट भी शामिल हैं। दरअसल, प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रिया को पारदर्शी, कुशल और निष्पक्ष बनाना एनटीए की बुनियादी प्राथमिकता है। मगर, इनमें जिस तरह से एक के बाद एक विसंगतियां सामने आ रही हैं, उससे इस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है कि परीक्षा के आयोजन से संबंधित संस्था और अन्य संगठनों की पर्चा लीक माफिया से मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं हो सकता। सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि विद्यार्थी इन परीक्षाओं के लिए कितनी मेहनत करते हैं, महंगी कोचिंग के लिए कई परिवार तो अपनी जमीन गिरवी रख देते हैं, तो कोई बैंक से कर्ज लेता है। इसलिए जरूरी है कि प्रवेश परीक्षाओं में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

# शनि जयंती

शनि जयंती का हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान सूर्य और छाया के पुत्र शनि देव का जन्म ज्येष्ठ माह की अमावस्या को हुआ था। इसलिए ज्येष्ठ अमावस्या को शनि जयंती के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन देश के कुछ हिस्सों में विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए वट सावित्री का व्रत भी करती हैं। इसलिए यह दिन अपने आप में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस साल यह पर्व शनिवार, 16 मई, 2026 को मनाया जाएगा। इस दिन एक और दुर्लभ संयोग पड़ रहा है। इस साल ज्येष्ठ अमावस्या शनिवार के दिन पड़ रही है। इस दिन को शनैश्चरी अमावस्या के रूप में भी मनाया जाएगा।

## शनि जयंति

**अमावस्या तिथि प्रारंभ : 16 मई, 2026 को सुबह 05:11 बजे।**
**अमावस्या तिथि समाप्त : 17 मई, 2026 को सुबह 01:30 बजे।**

**पूजा का विशेष मुहूर्त :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शनिदेव की पूजा शाम के समय करना अधिक फलदायी होता है। 16 मई को शाम 07:05 बजे से रात 08:23 बजे तक का समय विशेष शुभ माना जा रहा है।

**तेल चढ़ाते समय न करें ये गलतियां**

शनि जयंती के दिन भक्त बड़ी संख्या में शनि देव पर सरसों का तेल चढ़ाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि गलत तरीके से चढ़ाया गया तेल फायदे की जगह आपके जीवन में संकट ला सकता है? ऐसे में आइए



जानते हैं तेल चढ़ाते समय किन सावधानियों का पालन करना जरूरी है?

**प्रतिमा के चरणों में देखें**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूजा करते समय शनि देव की आंखों में सीधे नहीं देखना चाहिए। हमेशा उनके चरणों की ओर देखकर ही तेल अर्पित करें।

**शुद्ध सरसों का तेल चढ़ाएं**

शनि देव को शुद्ध सरसों का तेल ही प्रिय है। अशुद्ध तेल चढ़ाना उनके अपमान के समान माना जाता है, इससे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

**पश्चिम की ओर मुख करके चढ़ाएं तेल**

शनि देव को तेल हमेशा पश्चिम दिशा की ओर मुख करके चढ़ाना चाहिए। गलत दिशा में खड़े होकर पूजा करने से शुभ फल नहीं मिलता है।

**तेल फैलना दरिद्रता को बुलावा**

तेल चढ़ाते समय ध्यान रखें कि वह शिला पर ही गिरे। तेल को इधर-उधर फर्श पर फैलाना दरिद्रता को बुलावा देता है। अगर हो पाए तो तेल चढ़ाने के बाद खाली पात्र वहीं न छोड़ें, उसे उचित स्थान पर रखें।

**छाया दान करें**

अगर आप चाहते हैं कि शनि जयंती पर आपकी पूजा सफल हो, तो तेल अर्पित करने से पहले उसमें अपना चेहरा देखें। इसे छाया दान कहा जाता है। ऐसा करने से आपकी शारीरिक और मानसिक परेशानियां शनि देव के चरणों में चली जाती हैं। साथ ही शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

**पूजा विधि**

सुबह जल्दी स्नान करें और काले या गहरे नीले वस्त्र पहनें।

पूजा स्थल को साफ कर शनि देव की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

सरसों या तिल के तेल का दीपक जलाएं।

काले तिल, काला कपड़ा, उड़द दाल, नीले फूल या लोहे की वस्तुएं अर्पित करें।

शनि मंत्र "ॐ शं शनैश्चराय नमः" 108 बार जपें।

शनि चालीसा या हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**2026 में शनि जयंती का महत्व**

इस साल की शनि जयंती ज्योतिषीय दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि:

**शनि-शनिवार संयोग :** शनि जयंती का शनिवार को होना "शनैश्चरी अमावस्या" का महायोग बनाता है।

**ग्रहों का गोचर :** इस दौरान शुक्र और बुध का गोचर भी हो रहा है, जो वृषभ और मिथुन जैसी राशियों के लिए धन और करियर में लाभ के योग बना सकता है।

**साढ़े साती और ढैय्या :** जिन लोगों पर शनि की साढ़े साती या ढैय्या चल रही है, उनके लिए इस दिन दान और पूजा करना कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला माना जाता है।





# तारा सुतारिया

## का शाही अंदाज, ब्लैक-व्हाइट विंटेज लुक ने खींचा ध्यान

तारा सुतारिया ने इस वर्ष कान्स फिल्म फेस्टिवल में शानदार अंदाज में डेब्यू किया। ब्लैक एंड व्हाइट विंटेज लुक में पहुंचीं अभिनेत्री ने रेड कार्पेट पर अपने आकर्षक अंदाज से सबका ध्यान खींच लिया। तारा का यह लुक सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। तारा सुतारिया ने अपने कान्स डेब्यू की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए खुशी जताई। उन्होंने बताया कि उन्हें रेड सी फिल्म फाउंडेशन के विमेन इन सिनेमा गाला में सम्मानित किए जाने के लिए आमंत्रित किया गया है। अपने डेब्यू लुक के लिए तारा ने विंटेज हॉलीवुड से प्रेरित ब्लैक एंड व्हाइट गाउन चुना। आउटफिट में स्ट्रैपलेस कॉर्सेट बॉडिस और स्वीटहार्ट नेकलाइन दी गई थी, जबकि सफेद डिजाइन डिटेलिंग ने पूरे लुक को खास बना दिया। गाउन की लंबी ब्लैक स्कर्ट और नीचे झलकती सफेद लेस डिटेलिंग ने 1950 के दशक के फैशन की याद दिलाई। तारा ने अपने लुक को गोल्ड पर्ल ड्रॉप ईयररिंग्स, क्लासिक पंप्स और ब्लैक कैट-आई सनग्लासेस के साथ पूरा किया। उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी बेहद सादगीपूर्ण लेकिन आकर्षक नजर आया। कान्स पहुंचने से पहले भी तारा अपने एयरपोर्ट लुक को लेकर चर्चा में थीं। अभिनेत्री डार्क ग्रे स्ट्राइप्ड सूट में नजर आई थीं, जिसे फैशन प्रेमियों ने काफी पसंद किया।



# कान्स में आलिया भट्ट का देसी अंदाज छाया, आइवरी साड़ी प्रेरित गाउन बना आकर्षण

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में एक बार फिर अपने देसी अंदाज से सबका ध्यान खींच लिया। भारत पैवेलियन के उद्घाटन कार्यक्रम में अभिनेत्री भारतीय परंपरा और आधुनिक फैशन के संगम वाले खास परिधान में नजर आईं। आलिया ने मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी द्वारा तैयार आइवरी रंग का साड़ी प्रेरित गाउन पहना। इस परिधान में पारंपरिक साड़ी की झलक के साथ आधुनिक डिजाइन का खूबसूरत मेल देखने को मिला। अभिनेत्री भारतीय फिल्म प्रतिनिधिमंडल के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। आउटफिट में डीप नेकलाइन वाली कॉर्सेट शैली की चोली और धोती शैली की स्कर्ट शामिल थी। वहीं साड़ी की तरह कंधे पर डाला गया पल्लू लंबे ट्रेल के रूप में पीछे तक फैला हुआ था, जिसने पूरे लुक को शाही अंदाज दिया। सिल्क कपड़े पर की गई महीन फूलों वाली मोतियों की कढ़ाई ने परिधान को और आकर्षक बना दिया। आलिया ने अपने लुक को पारंपरिक नथ, झुमके, हाथफूल और ईयर कफ के साथ पूरा किया। हल्के मेकअप और खुले वेवी हेयरस्टाइल में अभिनेत्री बेहद आकर्षक नजर आईं। फैशन प्रेमियों के बीच आलिया का यह लुक सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में है। कान्स में उनके इस देसी अंदाज को भारतीय कारीगरी और आधुनिक ग्लैमर का शानदार मेल बताया जा रहा है।

# दिलजीत दोसांझ की नागरिकता को लेकर चर्चाएं तेज



दिलजीत दोसांझ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार चर्चा उनकी फिल्मों या संगीत को लेकर नहीं, बल्कि नागरिकता को लेकर हो रही है। हालिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाबी गायक और अभिनेता वर्ष 2022 से अमेरिकी पासपोर्ट पर यात्रा कर रहे हैं और अब उनके पास भारतीय नागरिकता नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार दिलजीत दोसांझ ने कथित तौर पर वर्ष 2022 में अमेरिकी नागरिकता हासिल की थी। दावा किया जा रहा है कि तब से वह ई-वीजा के जरिए भारत आ रहे हैं और हाल की यात्राओं में उन्होंने अमेरिकी पासपोर्ट का इस्तेमाल किया। हालांकि इन दावों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उनका आखिरी भारतीय पासपोर्ट वर्ष 2018 में मुंबई से जारी हुआ था, जबकि इससे पहले का पासपोर्ट जाम्बिया से जारी किया गया था। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि अमेरिकी नागरिकता के दौरान उन्होंने कैलिफोर्निया स्थित एक आलीशान बंगले का पता दर्ज कराया था। नागरिकता को लेकर चर्चाएँ उस समय और तेज हो गईं जब पंजाब के कुछ समूहों ने दिलजीत से राजनीति में आने की अपील की। इस पर अभिनेता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि उनका काम केवल मनोरंजन करना है और वह अपनी दुनिया में खुश हैं। दिलजीत दोसांझ लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पंजाबी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर पंजाब और भारतीय संस्कृति को लेकर गर्व व्यक्त किया है। हाल के वर्षों में उन्होंने वैश्विक मंचों पर प्रस्तुति देकर खास पहचान बनाई है। कामकाज की बात करें तो दिलजीत इन दिनों अपने ऑरा वर्ल्ड टूर 2026 में व्यस्त हैं। आने वाले समय में वह निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा में नजर आएंगे। फिल्म में शरवरी, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# मौनी रॉय और सूरज नांबियार ने अलग होने की पुष्टि की



मौनी रॉय और उनके पति सूरज नांबियार ने अलग होने की पुष्टि कर दी है। पिछले कई महीनों से दोनों के रिश्ते को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा कर तलाक की खबर को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया। मौनी रॉय ने अपने बयान में कहा कि वह और सूरज नांबियार काफी समय से निजी जिंदगी को लेकर हो रही चर्चाओं और अटकलों से असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने लिखा कि दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है और इस समय को शांति और समझदारी के साथ निजी तौर पर संभालना चाहते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके रिश्ते को लेकर कई गलत बातें फैलाई जा रही थीं, जो सच्चाई से अलग थीं। काफी सोच-विचार और बदलती प्राथमिकताओं को समझने के बाद दोनों ने अलग रास्तों पर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। मौनी ने यह भी कहा कि रिश्ता खत्म होने के बाद भी दोनों एक-दूसरे के प्रति सम्मान और दोस्ती बनाए रखने की कोशिश करेंगे। उन्होंने लोगों से उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की और लगातार मिले प्यार व समर्थन के लिए आभार जताया। मौनी रॉय और सूरज नांबियार ने वर्ष 2022 में शादी की थी। दोनों की शादी और निजी जीवन लंबे समय तक चर्चा में रहे थे।

# मुंबई ने पंजाब को छह विकेट से हराया

## तिलक वर्मा का शानदार अर्धशतक

**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। गुरुवार को खेले आईपीएल मुकाबले में पंजाब द्वारा दिए गए 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 205 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान तिलक वर्मा ने 75 रनों की नाबाद पारी खेली। शार्दुल ठाकुर की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन और तिलक वर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। गुरुवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई ने दो विकेट लिए जबकि मार्को यानसेन और युजवेंद्र चहल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।



## आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल

| | टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | +1.053 |
| 2 | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | +0.551 |
| 3 | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | +0.331 |
| 4 | पंजाब किंग्स | 12 | 6 | 5 | 1 | 13 | +0.355 |
| 5 | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.185 |
| 6 | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| 7 | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8 | कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 4 | 6 | 1 | 9 | -0.198 |
| 9 | मुंबई इंडियंस (बाहर) | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.504 |
| 10 | लखनऊ सुपर जाएंट्स (बाहर) | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

● प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई ----- प्लेऑफ की रेस से बाहर (बाहर) टूर्नामेंट से बाहर

## पंजाब किंग्स को मिली लगातार पांचवीं हार

### कप्तान श्रेयस अय्यर के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

**धर्मशाला।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली लगातार पांचवीं हार के बाद टीम की प्लेऑफ उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। इस हार के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। अब पंजाब के लिए प्लेऑफ की राह बेहद कठिन हो गई है। आईपीएल 2026 के 58वें मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पीबीकेएस की यह लगातार पांचवीं हार है। इस हार के साथ ही कप्तान श्रेयस अय्यर के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है।

## भारत ए टीम में वैभव सूर्यवंशी की एंट्री, तिलक वर्मा को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पहली बार जगह मिली है। टीम की कमान तिलक वर्मा को सौंपी गई है, जबकि रियान पराग उपकप्तान होंगे। यह त्रिकोणीय श्रृंखला जून में श्रीलंका में खेली जाएगी, जिसमें भारत ए के अलावा श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए की टीमें हिस्सा लेंगी। श्रृंखला के सभी सफेद गेंद मुकाबले दांबुला में खेले जाएंगे। इसके बाद भारत ए और श्रीलंका ए के बीच दो बहुदिवसीय मुकाबले भी होंगे, जिनके लिए अलग से टीम घोषित की जाएगी। श्रृंखला का पहला मुकाबला नौ जून को भारत ए और श्रीलंका ए के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 11 जून को भारत ए का सामना अफगानिस्तान ए से होगा। सभी टीमें चार-चार मुकाबले खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें 21 जून को फाइनल में भिड़ेंगी। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उन्होंने इस सत्र में 11 मैचों में 440 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक भी निकला। भारत ए टीम में प्रियांश आर्या, आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, कुमार कुशाग्र, विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान को भी शामिल किया गया है।



### श्रेयस के नाम जुड़ा अनचाहा रिकॉर्ड

दरअसल, आईपीएल में बतौर कप्तान 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए सबसे अधिक मैच हारने का अनचाहा रिकॉर्ड श्रेयस अय्यर के नाम हो गया है। 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए अय्यर ने सातवें मैच में हार का सामना किया है। आईपीएल इतिहास में अय्यर के अलावा कोई भी कप्तान 200 प्लस के टारगेट का बचाव करते हुए पांच से ज्यादा मैच नहीं हारा है।

### 20 में से सात मैच हारी श्रेयस की टीम

श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में 20 ऐसे मुकाबलों में कप्तानी की है, जिसमें उनकी टीम को 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का बचाव करना था। इस दौरान श्रेयस ने 12 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, तो सात मुकाबलों में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं, पंजाब किंग्स ने टी20 क्रिकेट में 10वीं बार 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए हार का सामना किया है।

### 2022 से मुंबई से नहीं हारे थे श्रेयस

साल 2022 से कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना नहीं किया था, लेकिन गुरुवार को उनका यह शानदार सिलसिला टूट गया। एमआई के खिलाफ बतौर कप्तान अय्यर ने सात मुकाबलों में जीत दर्ज की। आईपीएल में एक टीम के खिलाफ लगातार सर्वाधिक मैच जीतने का रिकॉर्ड गौतम गंभीर के नाम है, जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ मैच जीते हैं।

### हार के बाद क्या बोले श्रेयस

लगातार पांचवीं हार से श्रेयस काफी निराश नजर आए। उन्होंने माना कि इस मैच में मिली हार को पचाना काफी मुश्किल है। हालांकि, श्रेयस ने कहा कि पंजाब किंग्स ने इस मुकाबले में शानदार लड़ाई लड़ी और यह क्रिकेट का एक शानदार मैच रहा। उन्होंने कहा, 'जाहिर तौर पर इस हार को पचाना काफी मुश्किल है, लेकिन मैं यहां किसी भी परिस्थिति पर उंगली नहीं उठाना चाहता क्योंकि यह क्रिकेट का एक शानदार मैच था। बहुत अच्छा मैच था। उन्होंने (तिलक) कमाल की बल्लेबाजी की। तिलक अपने शॉट्स बहुत अच्छे से चुन रहे थे, और उन्होंने फील्ड को अच्छी तरह से समझकर खेला। इसी वजह से उन्हें श्रेय मिलना चाहिए।'

## शुक्रवार, 15 मई राशिफल

मेष राशि: आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा और नई योजनाओं में सफलता मिलने के योग हैं। करियर में आपकी लीडरशिप की तारीफ होगी और सीनियर्स सहयोग देंगे। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लें और उधारी से बचें। रिश्तों में पुरानी गलतफहमियां दूर हो सकती हैं।

वृषभ राशि: सूर्य और बुध के गोचर से आत्मविश्वास और प्रभाव बढ़ेगा। पुराने अटके काम पूरे हो सकते हैं और धन लाभ के अवसर मिलेंगे। करियर में प्रैक्टिकल सोच फायदा देगी। रिश्तों में खुलकर बात करना बेहतर रहेगा। थकान और तनाव से बचने के लिए आराम जरूरी है।

मिथुन राशि: सामाजिक संपर्क और दोस्तों से लाभ मिलने के योग हैं। करियर में स्मार्ट प्लानिंग फायदेमंद साबित होगी। ऑनलाइन काम और मार्केटिंग से धन लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में ईमानदारी रिश्तों को मजबूत करेगी। काम का दबाव मानसिक थकान दे सकता है।

कर्क राशि: करियर और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। प्रभावशाली लोगों का सहयोग मिलने से आर्थिक लाभ हो सकता है। ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है, इसलिए धैर्य रखें। रिश्तों में पार्टनर को नजरअंदाज न करें। स्वास्थ्य में तनाव और सिरदर्द परेशान कर सकता है।

सिंह राशि: भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और करियर में पहचान बढ़ेगी। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम सफल हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन जल्दबाजी में निवेश से बचें। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। गुस्से और तनाव पर नियंत्रण रखें। पर्याप्त पानी पीना जरूरी रहेगा।

कन्या राशि: आज भावनात्मक मामलों में सावधानी बरतें और धैर्य बनाए रखें। करियर में नया अवसर मिलने के संकेत हैं। अचानक खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट बनाकर चलें। रिश्तों में ईगो से बचना जरूरी रहेगा। तनाव और एसिडिटी की समस्या परेशान कर सकती है।

तुला राशि: आज रिश्तों और पार्टनरशिप पर पूरा ध्यान रहेगा। टीम वर्क से बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक मामलों में बचत और जॉइंट फाइनेंस पर ध्यान बढ़ेगा। प्रेम संबंधों में रोमांस बना रहेगा, लेकिन बहस से बचें। काम का दबाव थकान बढ़ा सकता है।

वृश्चिक राशि: आज पेंडिंग काम पूरे करने में सफलता मिलेगी। करियर में वर्कलोड ज्यादा रहेगा, लेकिन टीम का सहयोग मिलेगा। आर्थिक प्लानिंग मजबूत होगी और भविष्य के लिए लाभदायक फैसले ले पाएंगे। रिश्तों में थोड़ी गंभीरता बनी रह सकती है।

धनु राशि: रचनात्मकता और उत्साह बढ़ा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और काम में सफलता मिलेगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें। प्रेम संबंधों में मधुरता रहेगी और पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

मकर राशि: आज परिवार और घरेलू मामलों पर आपका फोकस रहेगा। करियर में नई योजनाएं सफल हो सकती हैं और कार्यक्षमता बढ़ेगी। प्रेम संबंधों में पुरानी बातों पर चर्चा हो सकती है। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी और नए अवसर मिलेंगे।

कुंभ राशि: आज साहस और कम्युनिकेशन मजबूत रहेगा। करियर में नई शुरूआत करने का मौका मिल सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और जल्दबाजी में फैसले न लें। रिश्तों में आकर्षण बना रहेगा और सिंगल लोगों की खास मुलाकात हो सकती है।

मीन राशि: आज आपका ध्यान बचत और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर रहेगा। आर्थिक मामलों में अचानक खर्च परेशानी बढ़ा सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर खर्च करें। करियर में अनुशासन और समझदारी से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में लगाव बढ़ेगा, लेकिन कड़वी वाणी से बचें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# कला साधना से सजेगा विवि परिसर, नेताजी की आठ फीट प्रतिमा बनेगी आकर्षण

## तीन जून तक चलेगी चित्रकला कार्यशाला, प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण पत्र

- मोनुमेंटल स्कल्पचर कार्यशाला में तैयार होगी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विशाल प्रतिमा

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान में ग्रीष्मकालीन चित्रकला एवं मोनुमेंटल स्कल्पचर कार्यशालाओं का शुभारम्भ हो गया है। कला और सृजनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इन कार्यशालाओं से विश्वविद्यालय परिसर में रचनात्मक वातावरण देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के संरक्षण एवं ललित कला संस्थान के निदेशक प्रो. संजय चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे हैं।

ललित कला संस्थान एवं राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला का शुभारम्भ संस्कृति भवन, सिविल लाइंस परिसर में हुआ। उद्घाटन झांसी के कलाकार राजेश देवरिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला तीन जून 2026 तक चलेगी। इसमें विद्यार्थियों को वाटर कलर, एक्रेलिक पेंटिंग, ऑयल पेंटिंग और ड्राइंग सहित चित्रकला की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में 10 से 17 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह नौ बजे से 11 बजे तक होगा। कार्यशाला पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। अकादमी के निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री और अध्यक्ष डॉ. सुनील विश्वकर्मा ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं भेजी हैं। कार्यशाला संयोजक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में ललित कला संस्थान के मूर्तिकला विभाग की ओर से 16 मई से दो जून 2026 तक मोनुमेंटल स्कल्पचर क्ले मॉडलिंग कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आठ फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण होगा। प्रतिमा को विभाग के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं सामूहिक रूप से तैयार करेंगे। इसे संस्थान की पहली विशाल सार्वजनिक मूर्तिकला परियोजना माना जा रहा है।

प्रतिभागियों को आर्मेचर निर्माण, अनुपात अध्ययन, चेहरे की अभिव्यक्ति, वस्त्र विन्यास और फिनिशिंग तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक संचालित होगी। इसमें संस्थान के विद्यार्थियों के साथ आगरा शहर के अन्य प्रतिभागी भी भाग ले सकेंगे। संस्थान के विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण निःशुल्क रखा गया है, जबकि बाहरी प्रतिभागियों के लिए 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में संस्कार भारती ब्रजप्रांत के महामंत्री नंदनंदन गर्ग की विशेष उपस्थिति रही।

# पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया फिर शुरू, अभ्यर्थियों को मिला अंतिम मौका



- आज से 20 मई तक फिर भर सकेंगे आवेदन पत्र
- विदेशी छात्रों के लिए स्टडी इंडिया पोर्टल से आवेदन की सुविधा

**आगरा (एनएनआई)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने पीएचडी सत्र 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया एक बार फिर शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए आवेदन प्रक्रिया 15 मई से 20 मई 2026 तक पुनः खोलने का निर्णय लिया है। इसे आवेदन से वंचित रह गए छात्रों के लिए अंतिम अवसर माना जा रहा है।

विश्वविद्यालय के डीन रिसर्च प्रो. बी.पी. सिंह ने बताया कि विदेशी छात्रों के लिए आवेदन की सुविधा स्टडी इंडिया पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। इच्छुक विदेशी अभ्यर्थी पोर्टल पर लॉगिन कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे भारतीय अभ्यर्थी, जो किसी कारणवश पूर्व में आवेदन नहीं कर सके थे, उन्हें भी आवेदन का अवसर दिया जा रहा है। भारतीय छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन पत्र भर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से आवेदन से पूर्व सभी दिशा-निर्देश और आवश्यक जानकारियों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने की अपील की है, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

# लाल किले के सामने गूंजा जय भवानी-जय शिवाजी का उद्घोष

## धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

- नासिक से पहुंची राष्ट्रीय गौरव यात्रा का आगरा में जोरदार स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज की 369वीं जयंती पर शुक्रवार को आगरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाल किले के सामने स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हुए आयोजन में राष्ट्रीय गौरव यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जय भवानी-जय शिवाजी और हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, भाजपा नेता डॉ. आलोकिक उपाध्याय, छावा भारत क्रांति मिशन के चीफ कोऑर्डिनेटर विजय काकडे पाटिल और नासिक से आए यात्रा संयोजकों ने संभाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रीय गौरव यात्रा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भगवा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि संभाजी महाराज मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक थे और उन्होंने अपने पिता छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों को साकार करने के लिए कई युद्ध लड़े। उनका जीवन, शौर्य और संघर्ष आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा है। भाजपा नेता डॉ. आलोकिक उपाध्याय ने कहा कि बाल्यकाल में ही औरंगजेब की कैद से निकलकर संभाजी महाराज ने अपने साहस और युद्ध कौशल का परिचय दिया था। उन्होंने स्वधर्म, स्वभाषा और स्वराज की मशाल को कभी बुझने नहीं दिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भी संभाजी महाराज के शौर्य और पराक्रम को नमन किया। कार्यक्रम में नासिक से लाई गई धर्मवीर संभाजी महाराज की 13 फीट ऊंची अश्वारोही प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही।

लाल किले के सामने स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा और संभाजी महाराज की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय गौरव यात्रा में शामिल महाराष्ट्र से आए लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नाम ज्ञापन सौंपकर मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग किए जाने की मांग उठाई।

कार्यक्रम में शिवाजीराजे जाधव, पार्षद सुनील कर्मचंदानी, महेश शर्मा, जगदीश सोनकर, ललित शर्मा, दीप विनायक पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं छावा भारत क्रांति मिशन के विजय काकड़े पाटिल, परमेश्वर नलावड़े पाटिल, रामनारायण मराठा, शशिकांत पवार, अमोल सोनवणे और अन्य पदाधिकारी आयोजन में शामिल रहे।

# गौशालाओं में लगेंगे बायोगैस संयंत्र, सामुदायिक रसोई से मिलेगी नई पहचान

- चार गोवंश पालने पर मिलेंगे छह हजार रुपये प्रतिमाह
- जनप्रतिनिधि करेंगे 100-100 क्विंटल भूसा दान, सभी ब्लॉकों में खुलेंगे मौसम विज्ञान केंद्र

एनएनआई



**आगरा।** पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश एवं निराश्रित गौवंश संरक्षण की समीक्षा बैठक गुरुवार को नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने की। बैठक में राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, छोटे लाल वर्मा, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता समेत जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बृहद गौ संरक्षण केंद्रों पर गोबर गैस संयंत्र स्थापित करने और उनसे संचालित सामुदायिक रसोई शुरू करने की योजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन रसोईयों के माध्यम से भंडारे, शादी-विवाह और अन्य आयोजनों के लिए पका भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे गौ संरक्षण केंद्रों की आय बढ़ेगी और एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम होगी।

अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने निर्देश दिए कि 100 से कम गोवंश वाले केंद्रों के पशुओं को बड़े केंद्रों में स्थानांतरित कर प्रत्येक केंद्र में न्यूनतम 400 गोवंश संरक्षित किए जाएं। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत गोबर गैस प्लांट लगाने पर राज्य सरकार कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान देने की योजना ला रही है। बैठक में स्थानीय किसानों के साथ अनुबंध कर गौशालाओं के लिए सालभर हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही गो आश्रय स्थलों में जीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट और गोबर से लकड़ी बनाने वाली मशीनें लगाने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गो-काष्ठ का उपयोग शवदाह, हवन और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा। भूसा-दान महाअभियान की समीक्षा के दौरान मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से गौशालाओं के लिए भूसा दान करने की अपील की। इस पर जनपद के जनप्रतिनिधियों ने 100-100 क्विंटल भूसा दान करने की घोषणा की। विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे ने 200 क्विंटल भूसा दान देने की बात कही। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि स्थानीय गो आश्रय स्थलों से चार गोवंश तक सुपुर्दगी लेने वाले पशुपालकों को छह हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे और पशु शेड की व्यवस्था भी कराई जाएगी। बैठक में सभी ब्लॉकों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने, किसानों और पशुपालकों को सटीक मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने, गौशालाओं में साफ-सफाई, पेयजल, सीसीटीवी और चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला, एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह, नगरायुक्त संतोष कुमार वैश्य, सीएमओ डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव, अपर निदेशक पशुपालन डॉ. देवेंद्र पाल, सीवीओ डॉ. डीके पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।